

नवभारत
इंदौर, बुधवार, 10 सितंबर , 2025
03

एक नजर में

## केमिकल फैक्ट्री में तीन मजदूरों की मौत पर जिला दंडाधिकारी प्रियंक मिश्रा ने मजिस्ट्रियल जांच के आदेश दिए

**धार** / केमिकल फैक्ट्री में तीन मजदूरों की मौत पर जिला दंडाधिकारी प्रियंक मिश्रा ने मजिस्ट्रियल जांच के आदेश दिए हैं। एसडीएम पीथमपुर जांच करेंगे। पीथमपुर के बगदून थाना क्षेत्र की सागर श्री टुर्बिनेट प्रालि कम्पनी में रविवार शाम चौनल की सफाई के दौरान चार श्रमिक जहरीली गैस की चपेट में आ गए। तीन की मौत हो गई। उक्त घटना की मजिस्ट्रियल जांच हेतु अनुभागीय दण्डाधिकारी अनुभाग क्षेत्र पीथमपुर जिला धार को नियुक्त किया गया है। निर्देश दिए गए हैं कि उक्त जांच 30 दिनों में जाकर प्रतिवेदन प्रेषित किया जाये। जांच के बिन्दु हैं कारणों का पता लगाना, सुरक्षा मानकों की जांच, सुरक्षा उपाय, कर्मचारियों की भूमिका, जिम्मेदारी का निर्धारण, क्षति का आकलन, निवारक उपाय।

## पत्रकारों के लिए समूह बीमा की बढ़ी हुई प्रीमियम, जीएसटी और कम समय सीमा को लेकर मप्र श्रमजीवी पत्रकार संघ ने सौंपा ज्ञापन



**धार**, मध्य प्रदेश सरकार के जनसंपर्क विभाग द्वारा हर साल पत्रकारों के लिए करवाए जाने वाले समूह बीमा में इस वर्ष हुई भारी वृद्धि, 18त्न जीएसटी के बोझ और कम समय सीमा के विरोध में धार जिले के मध्यप्रदेश श्रमजीवी पत्रकारों ने मुख्यमंत्री के नाम एक ज्ञापन सौंपा। यह ज्ञापन मध्यप्रदेश श्रमजीवी पत्रकार संघ के प्रांताध्यक्ष शलभ भदौरिया के निर्देश पर धार जिलाध्यक्ष अविनाश डावर के नेतृत्व में दिया गया। ज्ञापन का वाचन अमरदीप सोलंकी ने किया अविनाश डावर ने बताया कि हर साल सितंबर में होने वाले पत्रकार समूह बीमा की प्रीमियम राशि में बीमा कंपनी द्वारा अत्यधिक वृद्धि की गई है, साथ ही 18त्न जीएसटी का अतिरिक्त भार भी हम पर डाला गया है। इसके अलावा, बीमा करवाने की समय सीमा भी कम कर दी गई है, जिससे पत्रकारों को काफी परेशानी हो रही है। वहीं मांग की है के मध्यप्रदेश सरकार भी उत्तरप्रदेश सरकार की योगी सरकार की तरह ही मध्यप्रदेश सरकार भी पत्रकारों का बीमा निशुल्क करने का काम करे इस गंभीर विषय पर चिंता व्यक्त करते हुए, पत्रकारों ने मुख्यमंत्री से इन समस्याओं का समाधान करने की अपील की। इस दौरान संभागीय सचिव दीपक रघुवंशी, उपाध्यक्ष जसप्रीत सिंह डग ,रवि सोलंकी,संदीप सोनगरा, विक्की सैय्यद, मुकेश श्रीवास रोहित श्रीवास ,अजय ?ापरे,महेश सोलंकी ,श्वेता शर्मा,महेंद्र सिंह ठाकुर बंटी पटेल ,निलेश विशाल हारो? चेतन राठौर सहित कई अन्य पत्रकार भी उपस्थित थे।

## विधायक ग्रेवाल के नैतृत्व में फसल बीमा को लेकर कांग्रेस का ज्ञापन 10 सितंबर को



**सरदारपुर ।** विधानसभा मे किसानो को वर्ष 2023 में सोयाबीन की फसल एवं वर्ष 2024 मे सोयाबीन एवं गैहु की नष्ट फसलो का पर्याप्त फसल बीमा नही मिलने पर, वर्तमान मे सोयाबीन की फसल मे पीला मौजेक वायरस एवं जला भराव से नष्ट फसलो का शीघ्र सर्वे करने एवं किसानो को पर्याप्त मात्रा मे खाद प्रदान करने की मांग को लेकर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी सरदारपुर, दसई, अमझेरा द्वारा संयुक्त रूप से विधायक प्रताप ग्रेवाल के नैतृत्व में दिनांक 10 सितंबर को सुबह 11 बजे कम्युनिटी हॉल से रैली निकालकर एसडीएम कार्यालय पहुचकर केन्द्रीय कृषि मंत्री एवं प्रदेश के मुख्यमंत्री के नाम पर ज्ञापन सौंपा जाएगा। इसके पूर्व धार जिले के नवनियुक्त जिला कांग्रेस अध्यक्ष स्वतंत्र जोशी का प्रथम सरदारपुर नगर मे आगमन पर कम्युनिटी हॉल मे स्वागत समारोह रखा गया है जिसमे वरिष्ठ कांग्रेस, युवा कांग्रेस, महिला कांग्रेस, सेवादल, एनएसयूआई, किसान कांग्रेस सहित समस्त मौर्चा संगठन के पदाधिकारियो एवं कांग्रेस कार्यकर्ताओ को आमंत्रित किया गया है यह जानकारी सरदारपुर ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष रतनलाल पडियार द्वारा दी गई।

## उत्कृष्ट शैक्षिक कार्यों के लिए पायल को गुरू द्रोण अवार्ड

**महू.** पायल परदेशी को शिक्षक दिवस के उपलक्ष्य में रोटरी क्लब, इनरव्हील क्लब, भूतपूर्व सैनिक संगठन, और सामाजिक विचार मंच द्वारा गुरू द्रोण अवार्ड से सम्मानित किया गया. पायल द्वारा विगत 23 वर्षो से शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्यों और नवाचार द्वारा ग्रामीण क्षेत्र के बच्चों को नैतिक मूल्यों पर आधारित शिक्षा, बच्चों की पढ़ाई को खेल, कविता कला और अन्य गतिविधियों के माध्यम से जोड़कर रोचक और प्रभावशाली बनाया हैं. रोल प्ले, कहानी, चित्रकला, नाटक और सामूहिक खेलों के माध्यम से पढ़ाई करवाने पर बच्चों की समझ और सहभागिता में वृद्धि होती है. पायल ने विद्यालय में शैक्षिक चार्ट, चित्र, गणितीय आकृतिया, अंग्रेजी शैक्षिक चार्ट, व्यायाम चार्ट, इत्यादि लगाए हैं जिससे कि बच्चों को अवधारणा सरल तरीके से नियमित सिखाया जा सके..

## भारतीय प्रौढ़ शिक्षा संघ ने विश्व साक्षरता दिवस मनाया

**महू .** साक्षरता दिवस के अवसर पर भारतीय प्रौढ़ शिक्षा संघ के महू स्थित आंचलिक कार्यालय एवं एकलाय शिक्षण संस्थान द्वारा कार्यक्रम आयोजित किया गया. कार्यक्रम के मुख्य वक्ता शिक्षाविद् वेदान्त हजारी थे. अध्यक्षता मा.प्री.शि.सं. नईदिल्ली के महासचिव सुरेश खण्डेलवाल ने की. शिक्षा विभाग के साक्षरता समन्वयक नीलकण्ठ पाण्डेय एवं उपनिदेशक राजेश चौधटी भी मंचासीन थे. अतिथियों का स्वागत स्वाति विजयवर्गीय ने किया. कार्यक्रम केन्द्र के खचाखच भरे हॉल में सम्पन्न हुआ. छात्रों को उद्बोधन देते हुये वेदान्त हजारी ने कहा कि साक्षरता जीवन में किसी भी व्यक्ति के लिये बहुत आवश्यक है. साक्षरता व्यक्ति में जागरूकता लाती है एवं उसे सही व गलत का ज्ञान कराती है. पाण्डेय ने कहा कि म.प्र. साक्षरता में अन्य प्रदेशों से आगे चल रहा है. वर्तमान में म.प्र. में साक्षरता का प्रतिशत 85% है और हम लोग साक्षरता को शतप्रतिशत करने के लिये प्रवासत हैं. कार्यक्रम अध्यक्ष सुरेश खण्डेलवाल ने विश्व साक्षरता दिवस की बधाई देते हुये कहा कि सभी लोग यह शपथ लें कि अपने आसपास यदि कोई व्यक्ति निरक्षर है तो उसे हम साक्षर बनाने का प्रयास करेंगे. इस अवसर पर रोटरी क्लब महू केन्ट के अध्यक्ष राजेश पाटीदार ने सभी अतिथियों का क्लब की ओर से सम्मान किया. आभार उपनिदेशक राजेश चौधरी ने माना. संचालन राजेश पाटीदार ने किया. इस अवसर पर संयुक्त सचिव मृणाल पंत, कार्तिक पाटीदार, शाकीर खान, दिनेश जादाम, दिलीप वर्मा एवं छात्रगण उपस्थित थे.






# इंस्पायर कार्यशाला प्रारंभ, आयडिया अपलोड करना अनिवार्य

**बाग.** सांदीपनि उ मा वि बाग में बाग ब्लाक के शासकीय अशासकीय विद्यालय के प्रभारीयो जनशिक्षकों की एक दिवसीय इंस्पायर अवार्ड कार्यशाला इंस्पायर नोडल अधिकारी श्री किशोर राठौर के निर्देशानुसार प्रारंभ हुई। सर्व प्रथम किशोर राठोर ने कार्यशाला में आए सभी शाला प्रभारीयो का स्वागत करते हुए कहा कि एक विद्यालय से कम से कम पांच बच्चों का आयडिया इंस्पायर अवार्ड के मनक पोर्टल पर नामिनेशन होना अनिवार्य है साइंस के कोई भी विषय:- भौतिक, रसायन, विज्ञान, मे से आयडिया बना सकते हैं।

शाला प्रभारी को पहले पोर्टल पर रजिस्टट्रेशन करना है यदि विगत वर्ष का रजिस्टट्रेशन है तो लागिन कर कम से कम पांच बच्चों का आयडिया अपलोड करना अनिवार्य है।

बीआरसी श्री धर्मेन्द्र ठाकुर ने उपस्थित शाला प्रभारीयो को इंस्पायर अवार्ड के बारे मे विस्तृत जानकारी देते हुए कहा कि विज्ञान और प्रौद्योगिय विभाग के द्वारा यह कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है जिसमें कक्षा छठवीं से बारहवीं तक के विद्यार्थियों का संस्था द्वारा ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन कराया जाएगा अपने नवाचार और विचारों को प्रस्तुत करने के लिए प्रोत्साहित करना है जो समाज की समस्याओं का समाधान कर सके छात्रों का चयन स्कूल स्तर पर किया जाएगा जो जिला राज्य राष्टीय स्तर पर की प्रदर्शनी में चयनित होने पर भाग लेंगे दिनांक 15/09/2025 अंतिम दिवस तक प्रत्येक विद्यालय से कम से कम पांच बच्चों के आयडिया पोर्टल पर अपलोड करवाना अनिवार्य है

इसी के साथ ही विभिन्न विभागीय जानकारी जेसे - सायकल वितरण ,यूनिफार्म, नामांकन मैपिंग,इंम्पोर्ट प्रोफ़ाइल अपडेट करना दैव्यांग की जानकारी विद्यार्थी ट्रैकिंग एप डाउनलोड कर सर्वे सतप्रतिशत करना अनिवार्य है।

इसी बीच भोपाल में शिक्षक दिवस पर उत्कृष्ट कार्य के लिए राज्ययाल अवार्ड से सम्मानित होकर आई सांदीपनि उ मा वि बाग की कर्मठ शिक्षिका श्रीमती राधा शर्मा मेडम का फुलमाला पहनाकर स्वागत सम्मानित किया ।बीएसी श्री पृथ्वीराज चौहान ने उक्त कार्यशाला का संचालन किया। इस अवसर पर विकासखंड के समस्त संकुल प्राचार्य जनशिक्षक प्राचार्य संस्था प्रधान उपस्थित थे ।मुकेश सिंघल प्राचार्य द्वारा सभी का आभार व्यक्त किया गया।

# सुरक्षा सैनिक भर्ती कैंप में 12 युवाओं का चयन हुआ

**धार .** भारतीय सुरक्षा दस्ता परिषद नई दिल्ली एवं भारत सरकार पसारा एक्ट 2005 के अंतर्गत तथा जिला प्रशासन एवं म.प्र. डे राज्य ग्रामीण आजिविका मिशन के सहयोग से सिक्योरिटी स्किल काउंसलिंग इंडिया लिमिटेड नीमच के द्वारा ग्रामीण व शहरी शिक्षित युवाओं को सुरक्षा सैनिक के पदों पर भर्ती कैंपो का आयोजन किया जा रहा है। इसी क?ी में सोमवार को जनपद पंचायत कुक्षी में भर्ती शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों से 41 युवाओं ने भाग लिया। नीमच के भर्ती आधिकारी संतोष सिंह ने मापदंड के आधार पर 12 युवाओं का चयन किया। इस अवसर पर जनपद पंचायत सीईओ व आजिविका मिशन के ब्लॉक





प्रबंधक व स्टाफ की उपस्तिथ थे। अगले भर्ती शिविर जनपद पंचायत डही में 9 सितम्बर को, जनपद पंचायत गंधवानी में 10 सितम्बर को, जनपद पंचायत धरमपुरी में 11 सितम्बर को, जनपद पंचायत मनावर में 12 सितम्बर को, जनपद पंचायत सरदारपुर में 15 सितम्बर को, जनपद पंचायत नालछा में 16 सितम्बर को, जनपद पंचायत धार 17 सितम्बर तथा जनपद पंचायत बदनावर में 18 सितम्बर को षिविर आयोजित होंगे। यह सभी षिविर प्रात: 10.30 बजे से शाम 4 बजे तक आयोजित होंगे। अधिक जानकारी के लिए वेबसाइट 222.*ssciindia.com* पर देख सकते है या मोबाइल नंबर 6261092834 सम्पर्क कर सकते है।

1-2

## अग्रेसन सोशल ग्रुप द्वारा मेले के लिए मोहन अग्रवाल को अध्यक्ष तो सचिव प्रवीण गर्ग को मनोनीत किया

**धार।** अग्रसेन जयंती महोत्सव बड़ी धूमधाम से बनाने हेतु अग्रसेन सोशल ग्रुप की मीटिंग का आयोजन किया गया जिसमें जिसमें अग्रेशन सोशल ग्रुप द्वारा मेले के लिए मोहन अग्रवाल को अध्यक्ष मनोनीत किया गया एवं सचिव प्रवीण गर्ग को मनोनीत किया गया कार्यकारिणी के लिए पंकज अग्रवाल,विनय ऐरन, विमल अग्रवाल को बनाया गया महिला कार्यकारिणी के लिए श्रीमती मीना मोहन अग्रवाल श्रीमती मोना प्रवीण गर्गको बनाया गया इसमें प्रमुख रूप से प्रमोद सेनापति प्रकाश मोदी योगेश अग्रवाल दीपक जी अग्रवाल सुनील मित्तल अशोक जी अग्रवाल द्वारका - अग्रवाल सुनील मित्तल मनीष अग्रवाल मुकेश अग्रवाल सतीश जी पीपलखेड़ा राजेंद्र अग्रवाल बीके अशोक गर्ग राजेंद्र जी अग्रवाल मेडिकल संजय गर्ग व सोशल ग्रुप समिति व समाज के सभी पदाधिकारी व सदस्य उपस्थित थे जानकारी विनय अग्रवाल ने दी।

## शिक्षण के साथ समाज सेवा के लिए राज्यपाल मंगु भाई पटेल व मुख्यमंत्री मोहन यादव द्वारा सम्मानित बाग की शिक्षिका राधा शर्मा



**बाग.** राज्य स्तरीय शिक्षक सम्मान प्राप्त करने पर शिक्षिका राधा शर्मा का विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी बाग डी एस बघेल ने हर्ष जाहिर किया कि हमारे विकासखण्ड के लिए ब? गौरव की बात है जो कि आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र में जँहा शिक्षा का स्तर कमजोर है व पालक पलायन कर जाते है ऐसे में बच्चे शिक्षा की मुख्य धारा से कट जाते है , हमें नामांकन व ठहराव के लिए काफी जद्दोजहद करनी प?ती है वही हमारी शिक्षिका श्रीमती राधा शर्मा ने ठहराव में मदद की व बालिकाओं को शिक्षा की मुख्य धारा स्व जो?कर उन्हें आत्मनिर्भर बनाने में मदद की इतना ही नही विद्यालय समय के पश्चात नि:शुल्क अध्यापन, नि:शुल्क योग कक्षाएं संचालन करना व कोरोना के समय डिजिटल माध्यम से शिक्षा प्रदान करना , शासन की प्रत्येक गतिविधि में उत्साहपूर्वक सहभागिता,मंच संचालन आदि कार्य में शिक्षिका की महती भूमिका है।, मनोहरसिंह चौहान,उमेश शर्मा ,विक्रम बघेल , महेंद्र शर्मा , अमित किरा? विकासखण्ड कार्यालय व बाग सरपंच धर्मेन्द्र बामनिया,उपसरपंच रोहित झंवर, शहजाद खान भारती नगर पत्रकार संघ ,अध्यक्ष धर्मेन्द्र सोलंकी पत्रकार, अंतिम पवार बाग के समस्त गणमान्य नागरिको , छात्र/छात्राओं व पत्रकार संघ द्वारा बधाई व शुभकामनाएं दि गई

# विशाल ज्योति कलश यात्रा, गुरुवार को

### भक्ति और शक्ति का होगा अनोखा मिलन नगर में भहेगी पवित्रता की गंगा

**सरदारपुर ।** अखिल विश्व गायत्री परिवार, युग तीर्थ शांतिकुंज हरिद्वार के आव्हान पर धार जिले में 2026में आयोजित होने वाले वंदनीया माताजी श्रीमती भगवती देवी शर्मा की जन्म शताब्दी एवं अखंड दीप शताब्दी समारोह के उपलक्ष में विशाल ज्योति कलश यात्रा का सरदारपुर नगर मे दिनांक 11 सितंबर 2025 को आगमन हो रहा है, ज्योति कलश यात्रा श्री राम मंदिर मारू समाज पुराना नेशनल हाईवे सरदारपुरा से प्रात: 9-00 बजे प्रारंभ होकर सरदारपुर नगर के मुख्य मार्गों से होते हुए गायत्री मंदिर पहुंचेगी जहां गायत्री शक्तिपीठ पर पंच कुंडीय मां गायत्री यज्ञ का आयोजन किया गया है, ज्योति कलश यात्रा इंदौर झोन प्रभारी श्री कृष्ण शर्मा बाबूजी की गरिमामय उपस्थिति में संपन्न



होगा व धार जिले के जिला समन्वयक हीरालाल पाटीदार, एवं अन्य पदाधिकारी गण व धार जिले के सभी तहसीलों के पदाधिकारी गण व गायत्री परिजन भी सम्मिलित होंगे, गायत्री शक्तिपीठ सरदारपुर के मुख्य प्रबंधन ट्रस्टी भारद्वाज उपाध्याय ने सरदारपुर नगर के समस्त एवं आसपास के क्षेत्र वासियों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर धर्म एवं पुण्य लाभ अर्जित करने के लिए विशाल ज्योति कलश यात्रा में शामिल होने की अपील की है।

एक नजर

विक्रम सामुदायिक मांगलिक भवन में आयोजित हुई कार्यशाला

# सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम को प्रत्येक समाज तक कार्यकर्ता ले जाकर सेवा भाव का कार्य करें : राघवेन्द्रजी

**मनावर- भारतीय जनता पार्टी केंद्रीय प्रदेश नेतृत्व के निर्धारित संगठनत्मक कार्यक्रम को गति प्रदान करने के लिए भाजपा धार जिला ग्रामीण की महत्वपूर्ण कार्यशाला विक्रम सामुदायिक मांगलिक भवन में आयोजित की कार्यशाला**

संभागीय प्रभारी राघवेंद्रसिह गोतम. कार्यकर्ताओं का मार्गदर्शन करते हुए कहा कि सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम प्रत्येक समाज तक कार्यकर्ता ले जाकर सेवा भाव का कार्य करें हमारे मन में सेवा भावना चाहिए भाजपा कार्यकर्ता की छवि सबसे अलग होनी चाहिए वह क्षेत्र में आगे आकर काम करना चाहिए स्वच्छता , वृक्षारोपण या कोई भी कार्य हो हमारे भाजपा कार्यकर्ता




पर समाज की निगाह होती है

हमें तत्पर रहना है इस कार्यशाला में भाजपा ग्रामीण जिला अध्यक्ष चंचल पाटीदार. भाजपा प्रदेश मंत्री जयदिप पटेल ने सबोधीत किया कार्यक्रम के जिला सयोजक विनोद शर्मा के मार्गदर्शन में, सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम की कार्य योजना की रचना बताया की 17 सितंबर से 2 अक्टूबर गांधी जयंती तक चलने वाले सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम के निमित्त महत्वपूर्ण कार्यक्रमों को गति प्रदान करने के लिए प्रत्येक मंडलों में कार्य योजना प्रारंभ होगी

प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व व मुख्यमंत्री श्री डॉक्टर मोहन यादव जी के मार्गदर्शन में मोदी जी के विकसित भारत के संकल्प को पूर्ण करने में मध्यप्रदेश की भाजपा सरकार सबका साथ,सबका विकास और सबके विश्वास के साथ प्रदेश के हर वर्ग के विकास व सशक्तिकरण के लिए पूर्ण प्रतिबद्धता के साथ निरन्तर कार्य कर रही है। भाजपा जिला अध्यक्ष चंचल पाटीदार ने कहा कि हमारा लक्ष्य सरकार व संगठन दोनों के ही माध्यम से जनसेवा करना व प्रदेश को विकसित भारत की यात्रा में अग्रणी बनाना है। उन्होंने कहा कि स्वदेशी वस्तुओं को अपने के लिए प्रत्येक समाज में कार्यकर्ता पहुंचकर उन्हें जागरूक बनाएं ताकि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में विकसित और समृद्ध भारत का निर्माण अपनी स्वदेशी वस्तुओं से हो सके। जिला कार्यालय बैठक मेंउपस्थित रहे

जिला स्तरीय कार्यशाला का शुभारंभ भारत माता पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी एवं डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी के छाया चित्रों पर दीप प्रज्वलित एवं माल्यार्पण कर किया गया कार्यक्रम का संचालन .सदाशिव बरफा ने किया जिला पंचायत अध्यक्ष सरदार सिंह मेडा ने आभार व्यक्त किया इस कार्यशाला में संभागीय प्रभारी राघवेंद्रसिह गोतम जिलाध्यक्ष चंचल पाटीदार, भाजपा प्रदेश मंत्री जयदिप पटेल , पुर्व सांसद छतरसिह दरबार, जिला पंचायत अध्यक्ष सरदार सिंह मेडा , प्रदेश कार्यकारी संदस्य विनोद शर्मा , पूर्व जिलाध्यक्ष रमेश धाडीवाल, डा राज बरफा, पुर्व विधायक जगदीश मुवेल, मुकामसिंह किराडे, बलवंतसिह मण्डलोई, इस अवसर पर सभी जिले मोर्चा जिलाध्यक्ष जिले के सभी मंडल अध्यक्ष बुथ प्रभारी से सहप्रभारी महिला मोर्चा एवं बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।